**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 05 सितंबर -- 2026 समय 1810 (10 मिनट)**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज **82** शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किये।
- राष्ट्रपति ने विकसित भारत के लक्ष्य की पूर्ति के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया।
- हरियाणा सरकार द्वारा शिक्षक दिवस पर **79** शिक्षकों को सम्मानित किया गया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने घोषणा की कि आगामी शैक्षणिक सत्र से उच्चतर,तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा से जुड़े शिक्षकों को भी राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।
- हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा- बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार अध्यापकों के अथक प्रयास से संभव हुआ।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने **UGC-NET** जून-**2026** के अंग्रेज़ी**,** वाणिज्य एवं समाजशास्त्र विषय की पुनर-परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र जारी किए।

*******************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के जरिए ही विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा व्यक्तियों को स्वतंत्र रूप से सोचने, सोच-समझकर निर्णय लेने और राष्ट्र की प्रगति में सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाती है। समर्पित शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाते हैं।

***हम सब देशवासी विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। विश्वस्तरीय शिक्षा व्यवस्था के बल पर विकसित भारत का निर्माण संभव है। हमारे शिक्षक, शिक्षा व्यवस्था में प्राण वायु का संचार करते हैं। हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि हमारे देश में एक भी विद्यार्थी अच्छी शिक्षा के अवसर से वंचित न हो।***

राष्ट्रपति ने कहा कि जो समाज अपने शिक्षकों का सम्मान करता है, वह सही मायनों में प्रगतिशील समाज होता है।

***दीप्त्य राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मना कर हमारे देशवासी उनके प्रति एवं समस्त शिक्षक समुदाय के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं। जो समाज शिक्षकों का सम्मान करता है, वो समाज सही अर्थों में प्रगतिशील होता है। शिक्षकों के बीच आकर मेरे अंदर विद्यमान विद्यार्थी और शिक्षक दोनों ही जीवंत हो जाता है।***

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 27 राज्यों, सात केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के छह संगठनों से चुने गए 48 स्कूल शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक के 21 शिक्षकों एवं संकाय सदस्यों और कौशल एंव उदमयिता मंत्रालय के 13 कौशल प्रशिक्षकों को भी ये पुरस्कार प्रदान किए।

*******************************************************************

आज शिक्षक दिवस के अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में हरियाणा के 79 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं असाधारण योगदान देने वाले इन शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान किए। सम्मानित शिक्षकों को एक-एक लाख रुपये की नकद राशि, पदक, शॉल तथा दो-दो अग्रिम वेतन वृद्धि प्रदान की गई। इस अवसर पर हरियाणा की प्रथम महिला श्रीमती मित्रा घोष तथा स्कूल शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि का सम्मान नहीं है, बल्कि पूरे शिक्षक समुदाय, शिक्षा व्यवस्था और हरियाणा के उज्ज्वल भविष्य का सम्मान है। राज्यपाल ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन इस बात का प्रेरक उदाहरण है कि शिक्षण केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस युग में शिक्षक की भूमिका कम नहीं हुई है, बल्कि और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उत्तर दे सकती है, लेकिन शिक्षक सही प्रश्न पूछना सिखाता है।

******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज शिक्षक दिवस पर आगामी शैक्षणिक सत्र से उच्चतर, तकनीकी और प्रौद्योगिकी शिक्षा से जुड़े शिक्षकों को भी राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की। पंचकूला में राज्य स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह में उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी शिक्षकों को प्रोत्साहित करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी शिक्षकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह समारोह शिक्षा के प्रति शिक्षकों के समर्पण और योगदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और उन्हें बेहतर नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे हरियाणा को शिक्षा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने में सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, डिजिटल प्रौद्योगिकी और इंटरनेट ने जानकारी के अनगिनत द्वार खोल दिए हैं। AI पाठ तैयार कर सकती है, लेकिन किसी निराश बच्चे के कंधे पर हाथ रखकर उसमें विश्वास नहीं जगा सकती। यह कार्य केवल शिक्षक कर सकता है। इसलिए तकनीक के युग में शिक्षक की भूमिका कम नहीं हुई है, बल्कि और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

******************************************************************

शिक्षक दिवस पर आज भिवानी के हनुमान जोहड़ी धाम में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक पुरस्कार समारोह में 71 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। महात्मा ज्योतिबा फुले धर्मार्थ न्यास के अध्यक्ष रमेश सैनी ने बताया कि आज उन शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिन्होंने शिक्षा के साथ-साथ जल एवं पर्यावरण संरक्षण व नशा मुक्ति सहित अन्य सामाजिक संदेशों को फैलाने में अग्रणी भूमिका निभाई है। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक घनश्याम सर्राफ एवं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ ने कहा कि शिक्षक समाज के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। इसलिए एक शिक्षित और संस्कारवान समाज की नींव रखने में अध्यापकों की बड़ी भूमिका है।

*****************************************************************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने यूजीसी-नेट जून 2026 के अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र विषय की पुर्न परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। अंग्रेजी की परीक्षा 9 सितंबर को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और वाणिज्य की परीक्षा दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी। जबकि समाजशास्त्र की परीक्षा 10 सितंबर को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक ली जाएगी। उल्लेखनीय है कि इन तीनों विषयों की परीक्षा, पेपर में कुछ गलतियों की शिकायतों के बाद दोबारा ली जा रही है।

*****************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने आज पंचकूला में शिक्षक सम्मान समारोह में प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख किया। श्री ढांडा ने कहा कि 10 वर्ष में बोर्ड परीक्षा परिणाम 40 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गया है। यह अध्यापकों के अथक प्रयास से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि बच्चों को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के लिए 26 स्कूलों में फ्रेंच और जर्मन भाषा की शिक्षा देना शुरू किया गया है।

*****************************************************************

आज पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में गोगा नवमी मनाई गई। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की नवमी को मनाई जाने वाली गोगा नवमी गोगाजी महाराज को समर्पित है। इस दिन नाग पूजन के साथ गोगाजी की आराधना की जाती है।

*****************************************************************

मौसम विभाग के चंडीगढ़ केंद्र ने हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब में आज कई जगहों पर और कल कुछ जगहों पर गरज चमक और आंधी-तूफान के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। उसके बाद इक्का-दुक्का जगहों पर बारिश हो सकती है। विभाग के अनुसार आज और कल कुछ जगहों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

*****************************************************************

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने पर्यावरण के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए गिद्धों के संरक्षण की ज़रूरत पर ज़ोर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार गिद्धों के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठा रही है ताकि ये महत्वपूर्ण पक्षी एक बार फिर देश के आसमान में उड़ सकें। आज **'अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस'** पर सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने कहा कि गिद्ध, प्रकृति का अपना **सफाई दल** हैं। वे पारिस्थितिकी तन्त्र को साफ रखने, बीमारियों को फैलने से रोकने और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने नागरिकों से यह भी अपील की कि वे गिद्धों की सुरक्षा, उनके आवास बहाल करने और पारिस्थितिकी तंत्र के नाजुक संतुलन को बनाए रखने का संकल्प फिर से लें।

*****************************************************************